**भारत सरकार**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**
**वाणिज्य विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं.26***

**दिनांक 02 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## सुपारी का निर्यात

*** 26. श्री बी. वाई. राघवेन्द्र:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास विगत दस वर्षों के दौरान देश में सुपारी के निर्यात से संबंधित में आंकड़े हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त अवधि के दौरान राज्य-वार कितने मीट्रिक टन तथा कितने मिलियन अमरीकी डॉलर मूल्य की सुपारी का निर्यात किया गया और भारतीय रुपए में यह धनराशि कितने करोड़ रुपये है;

(ग) भारत से सुपारी निर्यात के लिए प्रमुख गंतव्य देशों का ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार द्वारा सुपारी के निर्यात को बढ़ावा देने और भारतीय किसानों और निर्यातकों के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) क्या सरकार के पास पिछले दस वर्षों के दौरान भारत में सुपारी के आयात से संबंधित आंकड़े हैं, यदि हां, तो प्रमुख स्रोत देशों तथा आयात की मात्रा और मूल्य (मीट्रिक टन और अमरीकी डालर/भारतीय रुपये में मूल्य) सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

**(श्री पीयूष गोयल)**

(क) से (ड.): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

***

**श्री बी वाई राघवेन्द्र द्वारा "सुपारी के निर्यात" के संबंध में दिनांक 02.12.2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 26* के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण:**

(क) से (ग) पिछले दस वर्षों में वर्ष 2015-16 से 2024-25 के दौरान भारत से सुपारी के निर्यात संबंधी आंकड़े निर्यात मात्रा (मीट्रिक टन में), भारतीय रुपये (करोड़ में) और अमेरिकी डॉलर (मिलियन में) में निर्यात मूल्य के संदर्भ में निम्नवत हैं:

| भारत द्वारा विश्व को सुपारी का निर्यात | | | |
|---|---|---|---|
| वर्ष | मात्रा एमटी में | मूल्य करोड़ रूपये में | मूल्य मिलियन अमेरिकी डालर में |
| 2015-16 | 6284.91 | 78.00 | 11.81 |
| 2016-17 | 11652.65 | 140.26 | 20.92 |
| 2017-18 | 4614.24 | 67.88 | 10.53 |
| 2018-19 | 2162.11 | 62.55 | 8.98 |
| 2019-20 | 2513.31 | 69.87 | 9.84 |
| 2020-21 | 3195.61 | 85.91 | 11.63 |
| 2021-22 | 6663.35 | 158.26 | 21.21 |
| 2022-23 | 13765.37 | 485.05 | 60.00 |
| 2023-24 | 10636.89 | 400.13 | 48.35 |
| 2024-25 | 2396.26 | 105.84 | 12.55 |

स्रोत: डीजीसीआईएस

सरकार भारत से कुल निर्यात का रिकॉर्ड रखती है। डीजीसीआईएस (वाणिज्यिक जानकारी एवं सांख्यिकी महानिदेशालय) द्वारा सत्यापन के अभाव में, राज्यवार सुपारी निर्यात के आँकड़े नहीं रखे जाते हैं क्योंकि ये निर्यातकों द्वारा शिपिंग बिलों में दर्ज मूल राज्य कोड पर आधारित होते हैं।

वर्ष 2015-16 से 2024-25 के बीच दस वर्षों की अवधि में, सुपारी के निर्यात में मूल्य के संदर्भ में, रुपये के मामले में 35.69% और अमेरिकी डॉलर के मामले में 6.2% की वृद्धि हुई है।

वर्ष 2024-25 में भारत से सुपारी के निर्यात के प्रमुख गंतव्य निम्नलिखित हैं:

| देश का नाम | निर्यात मूल्य (करोड़ रू. में) | निर्यात मूल्य (मिलियन अमेरीकी डालर में) | मात्रा एमटी में |
|---|---|---|---|
| मलेशिया | 22.23 | 2.64 | 224.53 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| यूएई | 21.07 | 2.50 | 632.59 |
| श्रीलंका | 17.92 | 2.12 | 475.48 |
| मालदीव | 10.89 | 1.29 | 255.55 |
| ज़िबूटी | 6.30 | 0.76 | 170.00 |
| यूके | 6.21 | 0.74 | 99.23 |
| यूएसए | 4.60 | 0.54 | 70.85 |
| भूटान | 2.88 | 0.34 | 89.82 |
| कनाडा | 2.58 | 0.31 | 34.93 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2.16 | 0.26 | 30.04 |
| अन्य | 9.00 | 1.05 | 313.24 |
| कुल | 105.84 | 12.55 | 2396.26 |

स्रोत: डीजीसीआईएस

(घ) वाणिज्य विभाग, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के माध्यम से, अपनी वित्तीय सहायता योजना (एफएएस) के माध्यम से सुपारी सहित अपने अनुसूचित उत्पादों के संवर्धन हेतु तीन घटकों में वित्तीय सहायता प्रदान करता है: (i) निर्यात अवसंरचना का विकास, (ii) गुणवत्ता विकास, (iii) बाज़ार विकास। योजना के दिशानिर्देश https://apeda.gov.in/FinancialAssistanceSchemes पर उपलब्ध हैं।

सुपारी निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, एपीडा ने सितंबर 2025 में वर्ल्ड फ़ूड इंडिया और इसके रिवर्स क्रेता-विक्रेता बैठक में सुपारी निर्यातकों की भागीदारी को सुगम बनाया। एपीडा ने सितंबर 2025 में कर्नाटक के चित्रदुर्ग में बागवानी विभाग, कर्नाटक के साथ प्रशिक्षण-सह-क्षमता निर्माण कार्यक्रम का भी आयोजन किया, जिसमें सुपारी के किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

(ड.) वर्ष 2015-16 से 2024-25 में पिछले दस वर्षों के दौरान भारत से सुपारी के आयात के आंकड़े, आयात मात्रा (मीट्रिक टन में), आयात मूल्य (मिलियन अमेरिकी डॉलर में) और भारतीय रुपये के समतुल्य (करोड़ रुपये में) के संदर्भ में निम्नवत हैं:

| भारत द्वारा विश्व से सुपारी का आयात | | | |
|---|---|---|---|
| वर्ष | मात्रा एमटी में | आयात मूल्य (करोड़ रू. में) | आयात मूल्य (मिलियन अमेरीकी डालर में) |
| 2015-16 | 45189.77 | 722.21 | 111.52 |
| 2016-17 | 16150.75 | 286.28 | 42.82 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2017-18 | 11875.21 | 304.31 | 47.23 |
| 2018-19 | 18152.22 | 427.63 | 61.08 |
| 2019-20 | 16760.78 | 342.56 | 47.92 |
| 2020-21 | 23988.29 | 508.59 | 68.41 |
| 2021-22 | 30049.58 | 745.19 | 90.20 |
| 2022-23 | 78233.66 | 2182.33 | 258.19 |
| 2023-24 | 40386.48 | 1225.70 | 147.92 |
| 2024-25 | 42236.02 | 1208.34 | 143.45 |

स्रोत: डीजीसीआईएस

वर्ष 2024-25 में भारत में सुपारी आयात के प्रमुख स्रोत निम्नलिखित हैं:

| देश का नाम | आयात मूल्य (करोड़ रू.में) | आयात मूल्य (मिलियन अमेरीकी डालर में) | मात्रा एमटी में |
|---|---|---|---|
| बांग्लादेश | 447.76 | 53.06 | 12155.40 |
| श्रीलंका | 303.70 | 35.97 | 8353.70 |
| म्यांमार | 278.24 | 33.20 | 7569.03 |
| इंडोनेशिया | 129.35 | 15.36 | 11589.56 |
| यूएई | 20.64 | 2.45 | 390.11 |
| मलेशिया | 10.14 | 1.21 | 269.86 |
| ओमान | 7.65 | 0.91 | 144.00 |
| सिंगापुर | 5.07 | 0.61 | 214.20 |
| भूटान | 3.89 | 0.46 | 1436.47 |
| थाईलैंड | 1.77 | 0.21 | 50.00 |
| अन्य | 0.13 | 0.01 | 63.69 |
| कुल | 1208.34 | 143.45 | 42236.02 |

स्रोत: डीजीसीआईएस

****